सार-समाचार

## विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**छबड़ा।** उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय कला उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। कला उत्सव प्रभारी महेंद्रसिंह एवं श्याम बा ने बताया कि विद्यालय के 18 में से 13 विद्यार्थियों ने पांच प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान सहित जिले में सर्वाधिक पांच पुरस्कार प्राप्त किए। दृश्य कला त्रिआयामी हस्तशिल्प में लक्ष्मी व किरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिनका चयन राज्य स्तरीय कला महोत्सव में भी हुआ है। लखन ने मूर्ति कला में द्वितीय, रवीना एवं रवीना लोधा ने कहानी वाचन में द्वितीय, मनीषा, सीमा, पूर्ति और भूमिका ने नाटक में द्वितीय, शीतल भार्गव, अंजली, काजल व मीना ने सामूहिक गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य द्वारकालाल मेघवाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामधारी सिंह, पुष्पेंद्रसिंह, विनोद कुमार, मुकेश सोनी, कुलदीप चौरसिया, विकास चौधरी, इंद्रसिंह, नरेश कुमार बाबूलाल, दौलतराम, ओमप्रकाश, कमलेश एवं हेमराज आदि उपस्थित रहे। खजूरी बनी विजेता:- मांगरोल में आयोजित हुई 14 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय खजूरी ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर खेलने का गौरव हासिल किया। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अध्यक्ष मुरारीलाल मीणा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार, अध्यापक भगवान, राकेश कुमार यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उपविजेता उच्च प्राथमिक विद्यालय देवपुरा (बारां) की टीम रही।

## भारत यंग लीडर्स डायलॉग

**बूंदी।** माय भारत पोर्टल पर आयोजित विकसित भारत क्विज, भारत के भविष्य को आकार देने वाले युवाओं को शामिल करने के लिए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वी. बी. वाई. एल. डी.) 2026 के तहत एक राष्ट्रव्यापी पहल है। 12 भाषाओं में आयोजित यह प्रश्नोत्तरी देश के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान और विकसित भारत के प्रति दृष्टिकोण का परीक्षण करती है। इसका उद्देश्य विचारों को साझा करने, नेतृत्व का प्रदर्शन करने और विकसित भारत के दृष्टिकोण में सार्थक योगदान करने के अवसर प्राप्त करना हैं। विजेता निबंध, प्रस्तुति आदि दौर में आगे बढ़ते हैं प्रथम चरण में युवाओं को माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग प्रश्नोत्तरी में भाग लेना होगा , उसके बाद युवाओं को निबंध प्रतियोगिता एवं अगले चरणों में भाग लेना होगा विजेता युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी जैसलमेर ने बताया कि 15 से 29 वर्ष के युवा इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 हैं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त युवाओं को माय भारत पोर्टल://../द्वारा प्रमाण पत्र दिया जायेगा

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**अंता ।** निकटवर्ती ठााम बालाखेडा बालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 13 सितम्बर 2025, शनिवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।यह जानकारी भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश धाकड़ ने देते हुए बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन उनकी माताजी घीसीबाई की पहली पुण्यतिथि पर किया जाएगा मुकेश धाकड ने बताया कि वर्तमान समय में मौसम परिवर्तन के कारण क्षेत्र में थैलेसीमिया, वायरल, टाइफाइड एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ठासित मरीजों में रक्त की भारी कमी बनी हुई है। इसी आवश्यकता को देखते हुए उनकी माताजी स्व. श्रीमती घीसी देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में युवा ओ से रक्तदान करने की अपील की है । कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्त संठाहण किया जाएगा तथा रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा एवं ठाामीण भागीदारी करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की है। उनका कहना है कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती है

## मदरसों का औचक निरीक्षण

**कोटा, (निसं)।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोक चन्द मीणा द्वारा शुक्रवार को मदरसों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदरसा दीनिया बरकातिया 51-ए, चम्बल गार्डन के सामने, वक्फ नगर, कोटा प.स. 933 बंद पाया गया। मदरसे के सदर सलामतउल्ल ने बताया कि मदरसे में नामांकन शून्य है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मदरसा अलफतह कंसुआ चौराहा, कोटा पं.स. के निरीक्षण दौरान 5 में से 3 शिक्षा अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए। शिक्षा अनुदेशकों द्वारा बताया गया कि मदरसे में नामांकन की स्थिति शून्य है। मदरसों के डी-रजिस्ट्रेशन करने के लिए राजस्थान मदरसा बोर्ड सचिव को अनुशंषा भिजवाई जाएगी।

## आधार जानकारी वाट्सएप पर

**कोटा, (निसं)।** आमजन को संस्था आधार पोर्टल से संबंधित जानकारी वाट्सएप बोट के माध्यम से भी उपलब्ध हो सकेगी। सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग विक्रम पोसवाल ने बताया कि संस्था आधार पोर्टल से संबंधित जानकारी जैसे एप्लीकेशन स्टेटस, एसएएन स्टेटस, रजिस्टर डीटेल्स, मेन मैन्यू, चेंज लेंग्वेज इत्यादि जानकारी वाट्सएप बोट के माध्यम से विभाग के वाट्सएप नम्बर 9112116631 द्वारा उपलब्ध करवा दी जाएगी।

## छात्रों का विज्ञान केन्द्र का दौरा

**कोटा, ( निसं)।** मिशन शक्ति योजना संकल्प हब फॉर एम्पॉवरमेट ऑफ वूमन के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शुक्रवार को लाडपुरा ब्लॉक की साथिनों एवं स्कूली बच्चों को विज्ञान केन्द्र को भ्रमण करवाया गया। उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग मनोज कुमार मीणा ने बताया कि केन्द्र में स्थापित प्रदर्शनी, मॉडल, तकनीकी उपकरणों न्यूक्लियर पॉवर प्लांट मॉडल, प्लेनेटरी मोशन, औषधीय पादप, इंडियन नेवी मिसाइल मॉडल के बारे में जानकारी साझा की गई। साथिनों एवं स्कूली बच्चों को दैनिक जीवनचर्या में विज्ञान का महत्व बताया।

## विश्वकर्मा दिवस पर अवकाश

**कोटा, (निसं)।** श्रमिक वर्ग समारोह के रूप में मनाए जाने वाले विश्वकर्मा दिवस पर बुधवार 17 सितम्बर को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। संयुक्त श्रम आयुक्त आसिफ शेख ने बताया कि श्रमिक वर्ग इस दिवस को समारोहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मना सके, इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार के समस्त औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों के नियोजकों से तथा लोक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों से अपेक्षा की है कि 17 सितम्बर को श्रमिक वर्ग को संवैतनिक अवकाश प्रदान कर यह त्यौहार मनाने में सहयोग करें।

## इनरव्हील क्लब की बैठक सम्पन्न

**छबड़ा।** इनरव्हील क्लब की बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा बनाई गई । क्लब अध्यक्ष अंजूबाला सोनी ने बताया कि क्लब सेक्रेटरी एकता शर्मा, उपाध्यक्ष रानी सिंघल, आईएसओ पल्लवी जैन, क्लब सदस्य नंदिनी सोनी, आशा अठावाल, ललिता गगरानी, कुंती जैन, रजनी गेरा आदि ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई तथा क्लब में नए मेंबर्स का स्वागत किया गया।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा।** बापचा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध स्मैक की तस्करी में संलिप्त फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम ने बताया कि स्मैक की तस्करी में संलिप्त फरार आरोपी गोलु उर्फ साजिद (27) पुत्र शहजाद निवासी जोशी कॉलोनी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

## तीन दिवसीय वेद कथा यज्ञ

**छबडा।** कडैयानोहर में तीन दिवसीय वेद कथा यज्ञ, भजन सत्संग आज से षुरू होगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 से 10 बजे तक हवन, भजन, प्रवचन होगे। दोपहर 12 से 4 बजे तक वेद कथा होगी। शाम 7 से 10 बजे तक भजन सत्संग आयोजित होगा। यह धार्मिक अनुष्ठान एमपी (मथुरा) के पण्डित धर्मवीर सात्विक, यूपी (कासगंज) की वैदिक विदुशि किरण षास्त्री, एमपी (ष्योपुर) के पवन कुमार विद्यार्थी, छबड़ा के जीतपाल षास्त्री पुरोहित आर्य समाज के सानिध्य में सम्पन्न होगें। कथा सुनने के लिए आसपास के लोगों से अपील की है।

# स्कूलों में सोशल मीडिया उपयोग से विद्यार्थियों को जागरूक किया

- एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास का शिक्षा संबल अभियान

**कोटा, (निसं)।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से विद्यार्थियों के हित में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। शिक्षा संबल अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूल के 126 विद्यार्थियों को निशुल्क नीट की कोचिंग देने के साथ अब सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ही डिस्कनेक्ट-टू-रिकनेक्ट कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के तहत शहर के सरकारी स्कूलों में जाकर मोबाइल एवं सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत साइको-लॉजिकल काउंसलर्स स्कूल्स में जाकर बच्चों को मोबाइल के सदुपयोग व दुरुपयोग की जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास द्वारा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के इमोशनल वेलबीईंग सेंटर सनिष्ठ के सहयोग से किया जा रहा है। सनिष्ठ के हेड डॉ. हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भदाना एवं राउमावि गोपाल मील में मोबाइल एडिक्शन एवं सोशल मीडिया अवेयरनेस विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। एलन सनिष्ठ की एकेडमिक काउंसलर कंचन ठाकुर ने इन सेशंस में स्टूडेंट्स को मोबाइल फोन के अति उपयोग के दुष्प्रभाव एवं सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने बताया कि यदि फोन के उपयोग के दौरान ध्यान भटकाने वाले नोटिफिकेशंस से बचना चाहिए।

किसी लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें कि वो आपके उपयोग का है या नहीं, क्योंकि बेवजह कोई भी क्लिक आपके 15 से 20 मिनट खराब कर सकता है। होम स्क्रीन को साफ रखें, कोई भी सोशल मीडिया का एप होम स्क्रीन पर नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसा होने से व्यक्ति सीधे एप का यूज प्रारंभ कर देता है। स्टूडेंट्स को फोन एवं सोशल मीडिया के उपयोग के लिए शेड्यूल बनाना चाहिए। इसके अलावा सोते समय भी फोन को दूर रखें, क्योंकि सामान्यतया व्यक्ति सोते समय फोन का यूज करता है तो समय का पता नहीं चलता। जिसकी वजह से उसकी स्लीपिंग साइकिल प्रभवित होती है। सुबह देर से नींद खुलेगी और पूरे दिन का शेड्यूल भी बिगड़ेगा। सेशन के समापन पर एलन के विशाल मकवाना ने शिक्षा संबल योजना से विद्यार्थियों को अवगत कराया। गौरतलब है कि एलएन परमार्थ न्यास ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षा संबल योजना के तहत कोटा में निर्धन परिवारों के 126 विद्यार्थियों को नि:शुल्क नीट की तैयारी कराई जा रही है।

## विद्यालयों का औचक निरीक्षण

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को अचानक सुबह कोटा पहुंचे। निजी कार्यक्रम में शामिल होने कोटा पहुंचे मंत्री दिलावर ने दोपहर में अचानक शहर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सबसे पहले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केशवपुरा पहुंचे जहां उन्होंने स्कूल परिसर और कक्षा कक्षों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विद्यालय प्रशासन को नियमित स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया। मंत्री दिलावर ने स्कूल में स्टाफ की उपस्थिति और बच्चों की संख्या को लेकर भी जानकारी ली। इसके बाद शिक्षा मंत्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केशवपुरा सेक्टर 2 और 3 पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया।

# जनभावनाओं के अनुरूप भरेगा मेला

- कुश्ती दंगल में फिर दांव लगाते नजर आएंगे अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान
- मेला समिति के बैठक में की तैयारी की समीक्षा

**कोटा, (निसं)।** मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति की बैठक शुक्रवार को नगर निगम के प्रशासनिक भवन के ए ब्लॉक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने की। इस दौरान राष्ट्रीय मेला दशहरा 2025 की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में मेला अधिकारी अनुराग भार्गव, आयुक्त अशोक त्यागी समेत मेला समिति सदस्य, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में दुकान आवंटन निर्माण कार्य, पार्किंग टेंडर, रामबारात, रामलीला समेत विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। विवेक राजवंशी ने कहा कि दशहरा मेला सबका है। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसे जन भावनाओं के अनुरूप भरवाना मेला समिति का दायित्व है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न स्तर पर चर्चा करने के बाद इस बार यह तय हुआ है कि कुश्ती दंगल कराया जाए। हालांकि इसकी राशि को घटाकर 15 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दशहरा मेला में पानी की टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं विश्व के सबसे बड़े 215 फीट के रावण के पुतले का निर्माण कार्य भी अंतिम दौर में है। मेले में भव्य राम मंदिर की झांकी और श्री रामलला के विग्रह के साथ ही इस बार श्रीनाथजी का मंदिर भी बनाया जा रहा है।

इस बार जलपरी भी जल क्रीड़ी करती हुई नजर आएगी। मेले में सर्कस के साथ ही विभिन्न झूले, हिंदुस्तान के टॉप ब्रांड, 20 ज्वेलरी शॉप, समेत कई अन्य आकर्षण के केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि पिछले अनुभव के आधार पर जिन कार्यक्रमों में आमजन का रुझान कम है। उन्हें केवल परिपाटी के नाम पर आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उनके स्थान पर नए और अच्छे कार्यक्रम तय किए जाएंगे। किसी भी कलाकार के साथ फोटो खिंचाने में गड़बड़ होती है। वहीं लोगों की नाराजगी भी झेलनी पड़ती है। ऐसे में सभी को फोटो खिंचाने से परहेज करना चाहिए। मंच पर उन्हीं लोगों की ड्यूटी लगाई जाए जो विभिन्न व्यवस्थाओं में है। सभी व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट आदेश जारी हो

# भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी गौरांशी शर्मा

- गुजरात खेल प्राधिकरण खोखरा,अहमदाबाद में आयोजित चयन ट्रायल में गौरांशी का शानदार प्रदर्शन

**रामगंजमंडी, (निसं)।** कोटा जिले के शहर रामगंजमण्डी की बेटी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा नवम्बर में टोक्यो (जापान) में होने जा रहे 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ ओलंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

हाल ही में गुजरात खेल प्राधिकरण खोखरा,अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में गौरांशी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके चलते उनका फिर एक बार डेफ़ ओलंपिक के लिए चयन हुआ है।

गौरांशी के ताऊ सौरभ शर्मा ने बताया कि गौरांशी सहित उसके माता पिता गौरव एवं प्रीति भी बचपन से ही मूक बधिर है तीनों न सुन सकते है न बोल सकते है लेकिन उनके त्याग तपस्या और कड़ी मेहनत की गूंज आज हिंदुस्तान सहित विदेश में भी गूंज रही है।

पिछले डेफ ओलंपिक जो ब्राजील में हुआ था उसमें गौरांशी के गोल्ड मेडल जीतने के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, देश के खेल एवं युवा मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे सिंधिया, ज्योतिरादित्य सिंधिया, यशोधरा राजे सिंधिया, मदन दिलावर, देश एवं राज्यों के कई मंत्री सहित विभिन्न राजनीतिक नेतागण सहित फिल्मी जगत की कई हस्तियों ने भी खेल प्रेमियों ने गौरांशी को बधाईयां शुभकामनाएं प्रेषित की थी।

गौरांशी विश्व की सबसे बड़ी मानव सेवा संस्था यूनिसेफ की भी युथ एडवोकेट है। भारत देश की पहली मूकबधिर ब्रांड एम्बेसडर हैं पिछले साल गौरांशी यूनिसेफ के न्यूयॉर्क (अमेरिका) स्थित मुख्यालय में कार्यक्रम में शामिल हुई थी। गौरांशी शर्मा ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 6 पदक देश को दिलाकर भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 2 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## आवेदन शुरू

**बूंदी ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के अंतर्गत कार्यरत मेरा युवा भारत बूंदी से संबद्ध युवा मंडलों में खेल की भावना, फिट इंडिया एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में 30 सक्रिय युवा मण्डलों को खेल सामग्री वितरित की जाएगी यह पहल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को बढावा देने की दिशा में एक साझा प्रयास हैं खेल सामग्री का वितरण इसी दिशा में एक प्रयास है, ताकि युवा शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। यह युवाओं को न केवल खेल के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाएगा। खेल सामग्री के लिए आवेदन करने के इच्छुक युवा मंडलों को सबसे पहले, यह सुनिश्चित करना है कि युवा मंडल एवं मंडल के सभी सदस्य माई भारत पोर्टल://..पर पंजीकृत हो । अगर अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, तो पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कराएं।

## दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**छबडा।** पुलिस ने विशेष अभियान के तहत दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सीआई राजेश खटाना के अनुसार पुलिस ने जिला स्तरीय टॉप-10 अपराधी रानू उर्फ शाहिद निवासी अलीगंज बाजार छबड़ा को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 3 साल से फरार चल रहा था। रानू पर 2000 रुपए का इनाम भी घोषित था। वही शंभूलाल भोई पिछले 10 साल से फरार चल रहा था। शंभूलाल उदयपुर निवासी है और वर्तमान में कोटा के शगुन वाटिका में रह रहा था।

# कृष्ण लीला की कथा सुन झूम उठे

**बूंदी ।** शहर के सिलोर रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में पंडित शिव कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा चल रही संगीतमय भागवत कथा में पांचवे दिन कहा की यशोदा,नंदबाबा के घर जब परमानंद कृष्ण आनंद स्वरूप है जो भक्तो को में जगाता है कृष्ण ने गोपियों के कोमल मन रूपी मक्खन को चुराया है , दूध के मक्खन को नहीं कृष्ण ने मटकियां फोड़ी थी जिस जीवात्मा के सिर पर अहंकार रूपी पाप की मटकी फोडी थी चीरहरण लीला में साड़ी,कपड़े का चीर नहीं बल्कि वासना का चीर हरण किया महाराज ने गोवर्धन की व्याख्या करते हुए कहा गो का मतलब इंद्रियां वर्धन का मतलब बढ़ना इसी तरह हमारी श्रद्धा दिनों दिन बढ़े वही "गोवर्धन लीला" है अंत में यजमान विद्यावती मुंदडा, राजेश मुंदडा, नरेश मुंदडा , आशुतोष मुंदडा सहित सभी भक्तों ने सामूहिक भगवान गिरिराज धरण को 56 भोग धारण करवाया महिलाओं ने गोवर्धन जी की परिक्रमा की और हाथ खड़े करके गिरिराज धरण के जयकारे लगाए

गुरुवार रात्रि को दादाबाड़ी में परिसर में प्रथम दिवस में नानी बाई रो मायरो मे कथा वाचिकाराधा स्वरुपा तितिक्षा दाधीच यह अपने मुखारविंद से कहा कि भगवान नरसी मेहता के जन्म, उनकी भक्ति और भगवान कृष्ण के प्रति उनके प्रेम का वर्णन श्रवण करवाया । इस दिन भगवान श्री कृष्ण की लीलाओ और उनकी लीला में नरसी मेहता के दर्शन जैसे प्रसंगों को भी सुनाया, जिससे दर्शक भाव विभोर होकर कथा का श्रवण किया । शिव की रासलीला और नरसी मेहता द्वारा कृष्ण के दर्शन के प्रसंग को सुंदर ढंग से श्रवण करवाया गया । आशुतोष मूंदडा ने बताया शनिवार को कथा में रुक्मणि विवाह का प्रसंग आयोजित होगा ।

# शहरी सेवा शिविर 15 एवं ग्रामीण सेवा शिविर 17 से

- जन समस्याओं के समाधान के लिए शहर-गांव पहुंचेगी सरकार

**कोटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में आमजन को समस्याओं से राहत देने के उद्देश्य से उनके ही क्षेत्र में शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समस्या समाधान के लिए अभियान शुरु किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में शहरी सेवा शिविर अभियान 15 सितम्बर से आरंभ किया जा रहा है। वहीं 17 सितम्बर से ग्रामीण सेवा शिविर अभियान शुरु किया जाएगा। ये अभियान सुशासन की अवधारणा को साकार कर विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने में सार्थक सिद्ध होंगे।

जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि इन अभियानों के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के निवारण तथा विभिन्न सेवाएं प्रदत्त करने एवं जनसमस्या समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के लिए शिविरों में मौके पर ही समाधान की कार्यवाही शुरु की जाएगी।

शहर चलो अभियान में होंगे ये कार्य-शहरी क्षेत्र में शहरी सेवा शिविर 2025 15 सितम्बर से शहरी नागरिकों की समस्याओं के निवारण तथा विभिन्न सेवाएं प्रदत्त करने व जनसमस्या समाधान के लिए लगाए जाएंगे। अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक मुख्यालय स्तर पर तिथि एवं वार्ड अनुसार प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान अन्तर्गत साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाइट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, आवारा पशुओं को पकड़ना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्को की साफ-सफाई, सामुदायिक केन्द्र, रेन बसेरों आदि सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, सद्भावना केन्द्र स्थापित करना, शहर के प्रमुख चौराहो/डिवाइडर का रखरखाव एवं सौन्दर्यकरण, कार्यालय में पेडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, मोबाइल टावर एवं ओ.एफ.सी, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती, 69-ए, कृषि भूमि, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा), भू-उपयोग परिवर्तन, खाचां भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृती, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजि., उपविभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण कर, विकसित करना, विभिन्न राजकीय जनहित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी करना आदि कार्य किए जाएंगे।

गांव-गांव पहुंचेगी राहत-अभियान 17 सितम्बर प्रारंभ होकर 8 नवम्बर तक चलेगा। ग्रामीण सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं और योजनाओं को गांव स्तर तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इन शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण, सांसद-विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम से विद्यालयों एवं अन्य भवनों की मरम्मत के कार्य करवाए जाएंगे।

सार-समाचार

## जागरूकता अभियान का समापन

**बूंदी।** महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी द्वारा संकल्प-हब दस दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतिम दिन महिलाओं एवं किशोरियों का शैक्षिक भ्रमण नैनवा रोड स्थित राजकीय आई.टी.आई. में करवाया गया। भ्रमण के उपरांत एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया । सहायक निदेशक महिला अधिकारिता भैरू प्रकाश नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि दस दिवसीय अभियान के दौरान महिला केंद्रित योजनाओं, नीतियों एवं कानूनों, पीसीपीएनडीटी एक्ट, जेंडर सेंसटाइजेशन, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, पॉश एक्ट, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास, पोक्सो अधिनियम, साइबर क्राइम, आत्मसम्मान व बॉडी शेमिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर फ्रंटलाइन वर्कर्स, किशोरियों, बालिकाओं, महिलाओं, हितधारकों, अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ कार्यशालाओं और जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। जागरूकता सत्र में जेंडर विशेषज्ञ विनिता अठावाल ने महिला केंद्रित योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी प्रदान की। पर्यवेक्षक प्रमिला ने महिला अधिकारों एवं संबंधित कानूनों की जानकारी दी। परामर्शदाता सलोनी शर्मा ने सखी वन स्टॉप सेंटर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र तथा चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। एक्शन एड ज़िला समन्वयक ने पॉश एक्ट अभियान एवं मिशन वीआईपी के बारे में जानकारी दी तथा सेल्फ स्टीम और बॉडी शेमिंग विषय पर वीडियो एवं पीपीटी के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल पी सी मीना, भागवत सिंह, जितेंद्र, हनुमान राठौर, राम बाबू शर्मा आदि आईटीआई स्टाफ़, विद्यार्थी व नवल किशोर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मुकेश नाइट आज शाम

**कोटा, (निसं)।** सुर सम्राट मुकेश चंद्र माथुर की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ आर्ट एंड कल्चर, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में दूसरी बार आयोजित संगीतमय संध्या मुकेश नाइट का भव्य आयोजन 13 सितंबर शनिवार को एलबीएस कैम्पस, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा में होगा। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. विजय सरदाना, न्यूरोलाजिस्ट एवं पूर्व प्राचार्य मेडिकल कालेज कोटा, डॉ. गोविंद महेश्वरी एलन कैरियर इंस्टीट्यूट, डॉ. संगीता सक्सेना प्राचार्या मेडिकल कालेज कोटा एवं डॉ. संजीव सक्सेना सीएमएचओ बारां मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर कायस्थ समाज के प्रतिभाशाली गायक कलाकार स्वर्गीय मुकेश के अमर गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान संगीतकार अजय जैन एवं अविका सक्सैना को संगीतमय अचीवमेंट मुकेश नाइट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को एकजुट करते हुए महान पार्श्वगायक मुकेश को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

## सीएम का आभार जताया

**छबड़ा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने धर्म परिवर्तन के खिलाफ बनाए विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए अभिनंदन पत्र प्रेषित किया हैं। भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष सीपी गेरा सहित भंवरलाल वर्मा, अशोक गौड़, जितेंद्र साहू, भगवती वर्मा, हरिओम गौड़, हरिओम नागर (खोपर), परमानंद साहू, रितेश शर्मा, राजेंद्र नामदेव, विजेंद्र गुर्जर ने राज्य सरकार द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ बनाए विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम' को लेकर सीएम शर्मा का आभार जताया है। प्रेषित अभिनंदन पत्र में बताया कि राजस्थान हमेशा से वीरों, महापुरुषों और संतों की धरती है। धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा के लिए संघर्ष का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। यह पावन धरती दुर्भाग्य से लंबे समय से अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद के षड्यंत्रों से त्रस्त है। स्वतंत्रता के बाद इन षड्यंत्रों पर अंकुश लगना चाहिए था, लेकिन कई बार वीभत्स स्वरूप सामने आते रहे हैं। प्रदेश की धर्म प्रेमी जनता इससे पीड़ित है। धर्म प्रेमी समाज विभिन्न सरकारों से बार-बार इन षड्यंत्रों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कानून बनाने की मांग करता रहा है, लेकिन वे वोट बैंक से प्रेरित घृणित राजनीति के चलते इन राष्ट्र विरोधी षड्यंत्रों पर रोक लगाने की जगह इनको शरण देते रहे। मानवता के विरुद्ध सबसे बडे अपराध से मुक्ति मिलेगी।

## जाली में फंसकर गोवंश लहू लुहान

**अंता ।** नगरपालिका क्षेत्र बरखेड़ा से पहले एनटीपीसी अंता परियोजना तक जाने वाले मार्ग पर बने तिराहे पर संकेतक बोर्ड एवं पार्क की लोहे की जाली गौवंश के लिए जंजाल बन गई। मौके पर पहुंचे कुछ गौभक्तों ने इस लोहे की जाली में फंसीं गौ माता को बाहर निकाला और पशु-चिकित्सक को बुलाया। शुक्रवार सायं काल के समय एनटीपीसी अंता तिराहे पर बने संकेतक और उसके त्रिभुजा कार में बने पार्क की हरियाली को देखकर एक गौमाता चारा खाने के लिए उसके लगी लोहे की जाली को पार करने के लिए उसमें छलांग लगाई लेकिन दुर्भाग्यवश लोहे की जाली के ऊपरी नुकीले हिस्से गाय के शरीर में घुस गये। जिससे वह लहुलुहान हो गई।


**कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)**

प्रशासनिक भवन, राजीव-गांधी भवन,दशहरा मैदान, कोटा (राज.)

ई-मेल :- nnkota@gmail.com, website :- www.kotamc.org, Pincode :-324009

क्रमांक :- ननिकोउ./सा.स्टोर/2025-26/12896 - 903 दिनांक :- 11/09/2025

**निविदा सूचना**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री क्रय किये जाने हेतु खेल सामग्री के मूल/विक्रेता/निर्माताओं एवं आपूर्तिकर्त्ता से द्वि-स्तरीय ई-निविदा पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रकार कार्य की अनुमानित राशि 99 लाख रूपये है। निविदा बेचे जाने, अपलोड करने एवं अन्य शर्तें नगर निगम कोटा की वेबसाइट www.kotamc.org, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.: DLB2526WSRC17738

आयुक्त
नगर निगम कोटा-उत्तर

राज.संवाद/सी/25/9928

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन

**नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 104/2025

श्री पियुष जैन पुत्र श्री जम्बुकुमार जैन बसन्त विहार कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अनतर्गत प्रन्यास "अकलंक विद्यालय एसोसियेशन" बसन्त विहार कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिकसी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामलें में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 13.11.2025 है।

सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

जाहिर आम सूचना

क्रमांक 1614 दिनांक - 12.9.25

आवास सख्या 1-आर-33 तलवण्डी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद रियाज पुत्र श्री मोहम्मद सुलेमान को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती सुशीला बाई पत्नी श्री राधाकिशन गोयल के नाम दिनांक 18.02.1995 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सुशीला बाई पत्नी श्री राधाकिशन गोयल द्वारा दिनांक 18.02.1995 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरात श्रीमती सुशीला बाई पत्नी श्री राधाकिशन गोयल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 02.02.2015 को श्री अनुराग गौत्तम पुत्र श्री नंद किशोर गौत्तम को किया गया। श्री अनुराग गोत्तम पुत्र श्री नंद किशोर गौत्तम का नाम दिनांक 22.04.2015 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री अनुराग गौत्तम पुत्र श्री नंद किशोर गौत्तम द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 06.05.2015 को श्रीमती रूही जैन पत्नी डा. जितेन्द्र पामेचा एवं श्रीमती वीना कोठारी पत्नी श्री मनोज कोठारी को संयुक्त रूप से किया गया। श्रीमती रूही जैन पत्नी डॉ. जितेन्द्र पामेचा एवं श्रीमती वीना कोठारी पत्नी श्री मनोज कोठारी का नाम दिनांक 30.11.2015 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती रूही जैन पत्नी डॉ. जितेन्द्र पामेचा एवं श्रीमती वीना कोठारी पत्नी श्री मनोज कोठारी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 01.12.2015 को श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री मोहन लाल जैन को किया गया। श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री मोहन लाल जैन का नाम दिनांक 20.06.2016 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री मोहन लाल जैन द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 02.07.2019 को श्री राजेश शाह पुत्र स्व. श्री सुमन शाह को किया गया। श्री राजेश शाह पुत्र स्व. श्री सुमन शाह का नाम दिनांक 27.06.2025 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री राजेश शाह पुत्र स्व. श्री सुमन शाह द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.07.2025 को श्रीमती मीनाक्षी गोयल पत्नी श्री महेन्द्र मित्तल को किया गया। श्रीमती मीनाक्षी गोयल पत्नी श्री महेन्द्र मित्तल द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-आर-33 तलवण्डी, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास को विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मीनाक्षी गोयल पत्नी श्री महेन्द्र मित्तल के नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मीनाक्षी गोयल पत्नी श्री महेन्द्र मित्तल का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मीनाक्षी गोयल पत्नी श्री महेन्द्र मित्तल के नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा। **उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा**